## संक्षिप्त समाचार

### हरिद्वार की अदिति तोमर बनीं आईएएस अफसर, भाई है एसीपी

**हरिद्वार, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में हरिद्वार कनखल निवासी अदिति तोमर ने 247रैंक हासिल कर हरिद्वार का नाम रोशन किया है। अदिति ने तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और भाई को दिया है। अदिति के भाई उत्कर्ष तोमर 2021 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वर्तमान में लक्षद्वीप में एसीपी पद पर तैनात हैं। अदिति के पिता डॉक्टर तेजवीर सिंह तोमर एसएमजेएन कॉलेज में वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर है। वहीं उनकी माता डॉक्टर शशि प्रभा तोमर महिला महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग में प्रोफेसर हैं। अदिति का कहना है कि सफल से सफलतम बनने के लिए रोजाना 8 से 10 घंटे नियमित पढ़ाई के साथ ही विषय को अच्छी तरह से समझते हुए पढ़ना जरूरी है।

### दुनिया से विदाई पर भी दो लोगों की जिंदगी रोशन कर गए राम शरण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** अंधेरे जीवन में रोशनी की किरण लाने वाले राम शरण चावला इस दुनिया से विदा हो गए। नेत्रदान, रक्तदान और देहदान को समर्पित चावला दो माह से अस्वस्थ चल रहे थे। हरिद्वार में अपने निवास पर आखिरी सांस ली। वर्ष 1986 से नेत्रदान अभियान से जुड़े 67 वर्षीय राम शरण चावला जाते-जाते दो व्यक्तियों की अंधेरी जिंदगी में रोशनी भर गए। नेत्रदान कार्यकर्ता गोपाल नारंग ने बताया कि रामशरण चावला ने ऋषिकेश और हरिद्वार के साथ आसपास के 325 व्यक्तियों के नेत्रदान कराकर 650 व्यक्तियों की अंधेरी जिंदगी में रोशनी दी। उनका लक्ष्य 1000 लोगों की अंधेरी दुनिया में रोशनी लाना था। गोपाल नारंग ने बताया कि उनके निधन के बाद अब इस लक्ष्य और रामशरण चावला के सपने को वो और उनकी टीम पूरा करेगी। राम शरण चावला ने वेणु आई बैंक से नेत्रदान महादान का आंदोलन शुरू किया। ऋषिकेश में गोपाल नारंग के पिता स्व. गोविंद लाल नारंग के नेत्रदान के बाद अभियान ने गति पकड़ी।

### चुनाव में गईं रोडवेज की 23 बसें, यात्री हो रहे परेशान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** रोडवेज बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। बस नहीं चलने से यात्री टैक्सी में सफर करने को मजबूर हैं। टैक्सी चालक भी यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाकर मनमाना किराया वसूल रहे हैं। जिससे यात्रियों की जेब ढीली हो रही है। जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज डिपो के पास 30 बसों का बेड़ा है जिसमें से 23 बसें चुनाव ड्यूटी में चली गई है। दूर तक सड़क पर रोडवेज बस ही नजर नहीं आ रही है। बस नहीं मिलने से विभिन्न स्थानों को जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री बस स्टेशन पर बसों का इंतजार करते रहे लेकिन बस नहीं आई तो वह निराश होकर वापस लौट गए। बस नहीं मिलने से कई यात्री अपनी यात्रा स्थगित कर रहे हैं तो कई मजबूरी में टैक्सी से सफर कर रहे हैं। टैक्सी चालक भी यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। मनमाना किराया वसूलने से लोगों को आर्थिक चपत लग रही है।

### 90 व्हील चेयर, 150 डोली से मतदान करेंगे 5511 दिव्यांग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले में 5511 दिव्यांग मतदाता भी मतदान कर सकेंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए 90 व्हील चेयर और 150 डोलियों की व्यवस्था की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभाग ने जिला निर्वाचन कार्यालय की सहायता से विशेष प्रयास किए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में बूथवार कुल 5511 दिव्यांग मतदाताओं का चिह्नीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के उद्देश्य से बूथवार संसाधनों की मैपिंग की गई है। बूथ तक आने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से मैप कर उनके लिए अधिक से अधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 90 व्हील चेयर और 150 डोलियों की व्यवस्था की गई है। 369 दिव्यांग मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर चुके हैं।

# चुनावी तारीख नजदीक आते ही व्यस्त हुए प्रत्याशी, जीत के लिए दिनभर भागदौड़ और सभाएं

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट अपने पंतनगर आवास पर हैं। सुबह पांच बजे उठ गए। छह बजते ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। अजय भट्ट पूजा-पाठ करने पहुंच जाते हैं लेकिन पीछे से ही लोग खड़े होने लगते हैं। पूजा संपन्न होने के बाद लोग घेर देते हैं।

कोई सभास्थल के बारे में जानकारी दे रहा है तो कोई प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी के बयान की चर्चा करने लगता है। उनका निजी सचिव उन्हें आज के दिन भर के कार्यक्रम की सूचना देने लगता है।

इस बीच नाश्ता करते हैं और फिर पंतनगर से सीधे रानीबाग में आयोजित नुक्कड़ सभा में पहुंचते हैं। यहां पर पहले से ही लोग उनके इंतजार में है। शायद इस जगह पर आना उन्होंने इसलिए भी ज्यादा जरूरी समझा होगा। क्योंकि इस सभा में एक दिन पहले ही कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले कई नेता भी हैं।

भाषण में कई नेता प्रत्याशी की तारीफ करने के साथ ही मोदी सरकार की योजनाओं का बखान करते हैं।



अजय भट्ट भी लोगों से अपने लिए समर्थन मांगते हैं। एक ही सांस में जमरानी बांध समेत कई योजनाएं गिना डालते हैं। सभा समाप्त होने के बाद सीधे जजी परिसर पहुंचते हैं।

प्रत्येक अधिवक्ता के चैंबर में हाथ जोड़कर समर्थन मांगते हैं। कुछ अधिवक्ताओं ने फूलमाला पहनाई तो कुछ बुके भेंट कर रहे थे। कुछ पुराने अधिवक्ता गले मिल रहे हैं। धूप तेज है। प्रत्याशी के माथे पर पसीना टपक रहा है और होंठ सूखे हुए हैं। गेट तक पहुंचते ही मीडियाकर्मी घेर लेते हैं। सवाल पूछते हैं, आप किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं।

भट्ट केंद्र की योजनाओं के साथ ही पीएम मोदी के बारे में बताने लगते हैं। गाड़ी में बैठते ही एसडीएम कोर्ट पहुंचते हैं। वहां भी अधिवक्ताओं से हाथ जोड़ते हैं। फिर सीधे काशीपुर की ओर रवाना हो जाते हैं। सवा घंटे की इस यात्रा में 10-15 मिनट झपकी लेते हैं। साथ ही कार में ही मडुवे की रोटी व लौकी की सब्जी भी खाने लगते हैं।

काशीपुर में स्टार प्रचारक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचते हैं। करीब एक घंटे इस सभा में शामिल होने के बाद शहर में ही कार्यकर्ताओं के बीच मिलते हैं। कुछ प्रमुख लोगों से भी मुलाकात के बाद वापस पंतनगर आवास के लिए वाहन चल देता है। यहां पर पार्टी से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक पहले से मौजूद हैं। संक्षिप्त बैठक के बाद सीधे बिंदुखत्ता।

प्रसिद्ध लोकगायक प्रहलाद मेहरा के निधन पर शोक जताते हैं और फिर हल्द्वानी में अलग-अलग जगहों पर छोटी बैठकें निपटाते हैं। रात के 11 बज चुके होते हैं। इनका प्रचार रथ पंतनगर आवास की तरफ पहुंचता है। रात 12:30 से एक बजे के बीच दिन भर आए फोन काल देखते हैं। फिर इन फोन नंबरों पर मिस्ड काल मारते हैं। कुछ से बातचीत हो जाती है लेकिन कुछ फोन नहीं उठते। इसके बाद बिस्तर पर चले जाते हैं।

नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से दूसरी बाद प्रत्याशी बने 62 वर्षीय अजय भट्ट ने 12 अप्रैल को 180 किलोमीटर की यात्रा की। केवल तीन घंटे ही सोए। अधिकांश सभाओं में वह मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट देने की अपील करते दिखाई दिए।

## घर पर रहकर की पढ़ाई और पा ली 72वीं रैंक, सिविल सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं को दिए 5 टिप्स

**हल्द्वानी, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रशासनिक सेवा परीक्षा में हल्द्वानी के तनुज पाठक ने 72वीं रैंक हासिल की है। शीशमहल गौला गेट निवासी तनुज के पिता त्रिलोचन पाठक सहकारिता विभाग में कार्यरत हैं। माता आशा पाठक महात्मा गांधी इंटर कालेज में अध्यापिका हैं।

घर में रहकर स्वयं ही परीक्षा की तैयारी की। सिर्फ साक्षात्कार के लिए कोचिंग सेंटर की मदद ली। वहीं इंटरनेट मीडिया पर उपलब्ध सामग्री का भी अध्ययन में प्रयोग किया।

मूलरूप से मुनस्यारी निवासी और वर्तमान में लखनऊ में बस चुके परिवार के सदस्य अमितेज का यूपीएसपी मे चयन हुआ है। उसके चयन से मुनस्यारी में खुशी व्याप्त है।

अमितेज के दादा जगत सिंह पांगती स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। अभितेज के पिता कनैल तेज बहादुर पांगती का परिवार लखनऊ में बस चुका है। अमितेज के यूपीएससी परीक्षा में 212वीं रैंक मिलने से मुनस्यारी क्षेत्र में खुशी व्याप्त है।

एसडीआरएफ में तैनात डिप्टी कमांडेंट विजेंद्र डोभाल के बेटे तुषार डोभाल ने भी सिविल सेवा परीक्षा में 284वीं रैंक पाकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। तुषार का परिवार मूल रूप से टिहरी गढ़वाल के मरोड़ गांव का रहने वाला है, लेकिन उनका जन्म देहरादून में हुआ। तुषार की शुरुआती पढ़ाई सेंट मेरीज़ स्कूल, वाराणसी से हुई।

इसके बाद सेंट मेरीज़ एकेडमी, मेरठ से 10वीं और 12वीं में 93 प्रतिशत अंकों से पास की। फिर स्नातकीय शिक्षा उन्होंने थापर इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी से प्राप्त की। जहां से 93 प्रतिशत अंकों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में बैचलर आफ इंजीनियरिंग की।

इसके लिए उनको छात्रवृत्ति भी मिली। कालेज से ही कैंपस प्लसेमेंट के जरिये जेपी मोर्गन चेस के अमेरिकी बैंक में कार्पोरेट विश्लेषक के रूप में नौकरी मिली। अब सिविल सेवा परीक्षा पास कर वे आइआरएस अधिकारी बन जाएंगे। उनके पिता जौलीग्रांट में तैनात हैं।

## प्रचार के आखिरी दिन उत्तराखंड में सचिन पायलट ने भरी हुंकार, हल्द्वानी में की जनसभा

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
बुधवार को कांग्रेस के स्टार प्रचारक सचिन पायलट ने हल्द्वानी रामलीला मैदान में कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी के समर्थन में जनसभा की।

भाजपा के बड़े नेताओं की तरह कांग्रेस के स्टार प्रचारक जुमलेबाजी से लोगों को बरगलाने का काम नहीं करते। सचिन पायलट की छवि विजनरी नेता की है। बड़ी संख्या में लोग उन्हें सुनने पहुंचेंगे। वहीं, जिलाध्यक्ष का कहना है कि पहाड़ से मैदान तक चल रहे चुनाव प्रचार में लोगों का समर्थन कांग्रेस को मिल रहा है।

कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी ने मंगलवार को हल्द्वानी से लेकर जसपुर तक चुनाव प्रचार कर लोगों से समर्थन मांगा। वादा करते हुए कहा कि एक बार साथ दीजिए, आपको निराश नहीं होने दूंगा। अपने संसदीय क्षेत्र के लिए सांसद क्या-क्या कर सकता है, जल्द लोगों को यह पता चल जाएगा।

वहीं, लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता के पास वोट संग सवाल पूछने का अधिकार भी है कि पिछले पांच साल जनप्रतिनिधि ने क्या किया। मगर मौजूदा सांसद विकास का हिसाब देने के बजाय सावर्जनिक तौर पर माफी मांग रहे हैं। प्रकाश जोशी ने मंगलवार को जसपुर के हरियावाला, काशीपुर में बासखेड़ा, मदर्स कालोनी, डिफेंस कालोनी, कालाढूंगी नगर, कमलुवागांजा, लालकुआं, खुरियाखत्ता में सभा और रोड शो कर समर्थन मांगा।

इस दौरान विधायक आदेश चौहान ने कहा कि जसपुर के लोगों ने प्रकाश जोशी को संसद में भेजने का मन बना लिया है। संसदीय क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी माहौल कांग्रेस के पक्ष में है। वहीं, वरिष्ठ नेता मनोज जोशी ने कहा कि भाजपा के परिवारवाद ने काशीपुर को बदहाल कर दिया है। स्व. एनडी तिवारी की कर्मभूमि से इस बार उम्मीदों का प्रकाश ही आगे बढ़ता नजर आएगा।

वहीं, लामाचौड़ में मंडल मीडिया प्रभारी नीरज तिवारी के आवास पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सभा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, संदीप सहगल, अनुपम शर्मा, मुसर्रफ हुसैन, इंदु मान, योगेश जोशी, रवि ढींगरा, दीप सती, अब्दुल कादिर, वकील अहमद, तारा नेगी, कमल जोशी, संजय बिष्ट, भोला भट्ट, जया कर्नाटक, भागीरथी बिष्ट, विशाल भोजक, राजा फर्स्वान, हिमांशु जोशी आदि मौजूद थे।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार के झूठे वादों से जनता त्रस्त हो चुकी है। यही वजह है कि कांग्रेस की सभाओं में लोग नए उत्साह संग पहुंच रहे हैं। बदलाव की कमान खुद जनता ने संभाल ली है।

# दिल्ली से लग्जरी कार में आते थे चोरी करने, दंपति गिरफ्तार, मां फरार

**नैनीताल , एजेंसी।**
दिल्ली से मां-बेटा और बहू लग्जरी कार से चोरी करने आते थे। वह भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से लोगों के बैग से गहने और पैसे चुराते थे। पुलिस ने 10 अप्रैल को बाजार में हुई चोरी के तीनों आरोपी बेटा और बहू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मां फरार है।

दिल्ली से मां-बेटा और बहू लग्जरी कार से चोरी करने आते थे। वह भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से लोगों के बैग से गहने और पैसे चुराते थे। किसी को शक न हो, इसलिए हाई-फाई बनकर बाजार में घूमते थे। पुलिस ने 10 अप्रैल को बाजार में हुई चोरी के तीनों आरोपी में से बेटा और बहू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मां फरार है।

10 अप्रैल को आनंदपुर ग्राम चांदनी चौक बल्यूटिया निवासी इंद्रा दर्म्वाल अपनी बुआ के साथ बाजार में खरीदारी के लिए आई थीं। उन्होंने अपने बैग में पर्स रखा था, जिसमें सोने के झुमके, चांदी की पायल और सात हजार रुपये थे। कालू सिद्ध मंदिर के सामने वाली गली में उन्होंने सामान लेने के बाद पैसे निकालने के लिए बैग में हाथ डाला तो पर्स गायब था। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए सीओ



सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि सीसीटीवी खंगाले गए तो दो महिलाएं चोरी करती दिखीं। इसके बाद ओके होटल चौराहे से वे ई-रिक्शा में बैठकर गांधी स्कूल के पास खड़ी कार में पहुंचीं।

इसके बाद कार एक गली में गई और महिलाओं ने कपड़े बदले और फिर चोरी करने बाजार में निकल गईं। कार नंबर के आधार पर तीनों की पहचान हुई। पुलिस ने टांडा जंगल के पास से मुफ्तीटोला इमली वाली मस्जिद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश व हाल निवासी काला महल जामा मस्जिद दिल्ली निवासी वसीम पुत्र बजीर अहमद को उसकी पत्नी आसिया के साथ गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी के झुमके, पायल और पांच हजार रुपये बरामद किए गए। वसीम की मां अभी फरार है।

मां, बहू और बेटा चोरी करने के लिए दिल्ली से लग्जरी कार में आते थे। एक दिन में ये बाजार में तीन-चार लोगों को निशाना बनाते थे। किसी को शक न हो इसलिए बार-बार कपड़े बदलते थे। मंगल पड़ाव चौकी इंचार्ज दिनेश जोशी ने बताया कि ये ऐसी महिलाओं को निशाना बनाते थे जो बाजार में बड़ा बैग लेकर आती थी। कहा कि बेटा कार में रहता था, सास-बहू चोरी करती थीं।

एसआई दिनेश जोशी ने बताया कि पति-पत्नी दोबारा चोरी करने लग्जरी कार से दोबारा हल्द्वानी आए थे।

# भाजपा नेता योगेश जोशी कांग्रेस में हुए शामिल, राहुल गांधी की न्याय गारंटी से प्रभावित होकर लिया निर्णय

**हल्द्वानी, एजेंसी।** भाजपा नेता और समाजसेवी योगेश जोशी सोमवार को कुसुमखेड़ा में आयोजित सभा में बड़ी संख्या में समर्थकों संग कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी व विधायक सुमित हृदयेश ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

कांग्रेस में शामिल होने के योगेश जोशी ने कहा कि भाजपा सिर्फ भावनाओं संग खिलवाड़ करती है। इनका जनसरोकारों से कोई लेना-देना नहीं है। जरूरतमंद लोगों की मदद करना मेरा पहला कर्तव्य हैं।

योगेश जोशी ने कहा कि राहुल गांधी की पांच न्याय गारंटी ने मुझे



प्रभावित किया है। इसलिए कांग्रेस में रहकर जरूरतमंद लोगों के लिए और बेहतर करूंगा।

प्रकाश जोशी ने कहा कि पार्टी में योगेश की ऊर्जा का सदुपयोग होगा। कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में उन्हें एक मजबूत साथी मिला है। छिमवाल ने कहा कि नए साथियों के जुड़ने से कांग्रेस और मजबूत होगी। संचालन कमल जोशी ने किया।

यहां जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, युकां अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, ललित जोशी, हेमंत बगड़वाल, मलय बिष्ट, विजय सिजवाली, हिमांशु जोशी, मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, कौशलेंद्र भट्ट आदि मौजूद थे।

कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी ने सोमवार को कुसुमखेड़ा से लेकर ऊधम सिंह नगर तक प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह जिस क्षेत्र में लोगों से मिलने के लिए पहुंच रहे हैं। वहां के लोग मौजूदा सांसद अजय भट्ट से दो ही सवाल पूछ रहे हैं। पहला सांसद निधि का हिसाब और दूसरा क्षेत्र के विकास के लिए क्या काम किया। मगर भाजपा उम्मीदवार हिसाब और जवाब देने की बजाय ये कह रहे हैं कि उनकी गलतियों की सजा मोदी को मत देना।

## सीएम धामी ने बाबा नीम करौली का लिया आशीर्वाद, बीस मिनट तक लगाया ध्यान; भक्तों से बात की

**नैनीताल, एजेंसी।**
राम नवमी के अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। सीएम ने बीस मिनट तक कैंची में बाबा का ध्यान लगाया।

राम नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। सीएम ने बीस मिनट तक कैंची में बाबा का ध्यान लगाया। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की।



सीएम धामी बुधवार की दोपहर 1.30 बजे कैंची धाम पहुंचे थे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सीएम ने बाबा की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। साथ ही मंदिर आए भक्तों से भी बात की। आधे घंटे के बाद सीएम वापस हल्द्वानी की ओर रवाना हो गए।

# मैदान में पुरुष तो पहाड़ की विधानसभाओं में है महिला मतदाताओं का दबदबा, बढ़ती तादाद अच्छे प्रदर्शन का है संकेत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
पहाड़ी क्षेत्रों के संसदीय सीटों में जहां महिला मतदाताओं की औसत संख्या पुरुषों से अधिक है तो वहीं मैदानी क्षेत्रों में आते-आते पुरुष मतदाताओं की औसत संख्या बढ़ जाती है।

पौड़ी संसदीय क्षेत्र की दो विधानसभा केदारानाथ, रुद्रप्रयाग और अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की तीन विधानसभाओं डीडीहाट, पिथौरागढ़, द्वाराहाट में महिलाओं का दबदबा है। यहां पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। वहीं टिहरी, नैनीताल, हरिद्वार की सभी 42 विधानसभाओं में पुरुष मतदाता, महिलाओं को काफी पछाड़ रहे हैं।



प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों में से हरिद्वार संसदीय सीट पर सबसे अधिक पुरुष मतदाता 52.60 और महिला मतदाता सबसे कम 47.39 प्रतिशत हैं। नैनीताल संसदीय सीट पर 48.05 महिला मतदाता है। जबकि प्रदेश में महिला मतदाताओं का औसत 48.21 प्रतिशत है।

पहाड़ी जिले में महिला मतदाताओं की बढ़ती तादात अच्छे लिंगानुपात का संकेत है। बीते कुछ वर्षों में पहाड़ी जिलों ने इसमें काफी अच्छा प्रदर्शन भी किया है। विधानसभाओं की महिला मतदाताओं की लगातार बढ़ती तादात भी इस ओर संकेत कर रही है।

पौड़ी संसदीय क्षेत्र की कर्णप्रयाग विधानसभा, अल्मोड़ा की धारचूला विधानसभा में महिला के मुकाबले पुरुष मतदाताओं की संख्या केवल 200 ही अधिक है। जबकि यहां पांच विधानसभाओं में महिला मतदाता पुरुषों से अधिक हैं। वहीं मैदानी क्षेत्रों की विधानसभाओं में महिला-पुरुष मतदाताओं में काफी अंतर दिखाई देता है।

नैनीताल और हरिद्वार संसदीय क्षेत्र में इसका असर भी दिखाई देता है। नैनीताल की भीमताल विधान सभा में पुरुषों के मामले में केवल 46.07 महिला मतदाता है। जो प्रदेश की 70 विधानसभाओं में सबसे कम है। इसके बाद हरिद्वार संसदीय क्षेत्र की सीटें आती है।

## लैंगिक अपराध मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** लैंगिक अपराध के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा श्रीकांत पांडे की अदालत ने अभियुक्त करमवीर निवासी इटावा, यूपी को दोष सिद्ध किया है। दोषी को तीन साल का कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा और विशेष लोक अभियोजक घनश्याम जोशी ने बताया कि वादी ने पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया कि 10 जनवरी 2023 को उसकी बहन अस्पताल गई थी और वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली। जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचना के दौरान पुलिस को 30 जनवरी 2023 को पीड़िता इटावा, यूपी से बरामद हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले में अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में आठ गवाह पेश किए।

## यूपीएससी परीक्षा में तुषार को 284वीं और नीति को मिली 383वीं रैंक

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लोक सेवा आयोग की ओर से यूपीएससी के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। परीक्षा में टिहरी गढ़वाल के मरोड़ गांव निवासी तुषार डोभाल ने 284वीं रैंक और ऋषिकेश की नीति अग्रवाल ने 383वीं रैंक प्राप्त की है। यूपीएससी प्रवेश परीक्षा में सफलता मिलने से परिजनों में खुशी की लहर है। टिहरी गढ़वाल के जुआ पट्टी के मरोड़ गांव निवासी तुषार डोभाल के पिता विजेंद्र डोभाल एसडीआरएफ मुख्यालय जौलीग्रांट में डिप्टी कमांडेंट हैं। तुषार की शुरुआती शिक्षा सेंट मैरीज वाराणसी से हुई। सेंट मैरीज एकेडमी मेरठ में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। स्नातक की पढ़ाई थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से प्राप्त की है। उसके बाद उन्हें कॉलेज से जेपी मोर्गन चेस के अमेरिकी बैंक में कॉरपोरेट विश्लेषक के रूप में नौकरी मिली। नौकरी के साथ उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की। वहीं, जय राम आश्रम एम 304 हरिद्वार रोड निवासी नीति अग्रवाल ने यूपीएससी परीक्षा में 383वीं रैंक प्राप्त की है। नीति के पिता संजय अग्रवाल घाट रोड पर चाय के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

# नाटकः हमारे समाज में फैले घरेलु हिंसा और उसके दुष्प्रभाव को उजागर करती है

## खेलना द्वारा यह नाट्य प्रस्तुति आपको अपने अंदर झांकने का अवसर प्रदान करती है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



फर्स्ट अप्रैल मूल रूप से लिखा गया मराठी नाटक है जिसे योगेश सुमन जी ने लिखा है और जिसका निर्देशन अनुमिता दत्ता चौधरी ने किया है। यह नाटक आज के हमारे समाज में फैले घरेलु हिंसा और उसके दुष्प्रभाव को उजागर करती है और एक बच्चे की मनःस्थिति और उसके मानसिक तनाव का कारण कैसे बनती है इसका सजीव चित्रण करने का प्रयास करती है। खेलना द्वारा यह नाट्य प्रस्तुति आपको अपने अंदर झांकने का अवसर प्रदान करती है। नाटक की शुरूआत होती है चार दोस्तों से अजय, अनिल, राकेश और शिरीष जो हास्टल में एक साथ रहते हैं और मजाक मस्ती करते हैं, वो चारों इस बार का पर किसे बेवकूफ बनाया जाये इस बात पर चर्चा कर रहे हैं, अजय के तीनों दोस्त यह तय करते हैं कि इस बार वो अजय को ही बनाएंगे और वो ऐसा दिखाते हैं कि अजय के पिता उससे मिलने उसके गांव मेरठ से आये हैं, और वो तीनों अजय के काल्पनिक पिता से बात करना शुरू कर देते हैं। पहले तो अजय भी इस बात को मजाक में टाल देता है पर धीरे धीरे उसे यकीन होने लगता है कि उसके पापा सच में वहीं हैं, कुर्सी पर बैठे हैं, और वो उनसे सारी बातें करने लगता है, बातें जो आहिस्ता आहिस्ता एक खतरनाक रूप ले लेती हैं, जहां अजय अपने अंदर छुपाये दर्द और पीड़ा को जो बचपन में उसने झेला था जब उसके माँ पर अत्याचार और हिंसा हुई, जो अजय के पिता ने ही की, एक दमनकारी बाप के आसपास रहते रहते अजय घुटन भरे माहौल में अपनी व्यथा और माँ पर बीते यातना को मन में दबाये रख रहा था पर आज उसके सब्र का बांध टूट जाता है और वो अपने पापा से, सारी बातें कहने लगता है, जो जो उसने मेहसूस किया है अब तक, अजय के दोस्त जो पहले मजे ले रहे थे ये सब देखकर अब सकपका जाते हैं, उन्हें एहसास होता है कि उनके एक छोटे से मजाक ने अजय के ज़ख़्मों को हरा कर दिया और अब वो उसे चाह कर भी नहीं रोक पा रहे। नाटक के अंत आते आते अजय गुस्से में पागल हो चुका है और अपने काल्पनिक पिता से उनके हर पाप का बदला लेने के लिए अपना आपा खो बैठता है। पारिवारिक और मानसिक दबाव का अजय को एक दयनीय और मार्मिक हालत पर लाकर छोड़ देते हैं।

अजय के पात्र को अभिनेता ने बहुत ही खूबसूरती से निभाया है, उसकी आंतरिक और मानसिक परिस्थिति का चित्रण बहुत ही सराहनीय है। सारे सहायक कलाकारों ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया है। नाटक के कुछ दृश्य आपको निस्संदेह विचलित कर देंगे। निर्देशिका ने बखूबी अपने अभिनेताओं से अभिनय कराया है जो आपको नाट्य प्रस्तुति होने के बहुत बाद तक याद रहेगा। अजय का बचपन हर उस बच्चे का बचपन है जिसने अपने घर में तानाशाही, दमनकारी और अत्याचार देखा है। यह कहानी हर उस औरत की है जिसने घरेलु हिंसा झेला है, और सबसे महत्त्वपूर्ण यह नाटक हर उस युवा की है जिसका बचपन एक ऐसे परिवार में गुजरा है जहां केवल बाप का आधिपत्य होता है, इस पुरुष प्रधान समाज का यह एक और क्रूर रूप है जो एक बच्चे को अंदर तक भेदकर उसे खोखला बना देता है। इस नाटक का मंचन समाज के लिए प्रतिबिंब का काम करेगा जहां आज भी इन बातों को दरकिनार कर दिया जाता है। खेलना ्रींश्री की इस प्रस्तुति इस मायने में भी प्रशंसनीय है कि जहां आज हर नाटक या तो भौंड या फिर ऐतिहासिक त्रासदी का प्रदर्शन कर रही है वहाँ एक ज्वलंत मुद्दे पर बात करना एक बड़ी सिद्धि है। ऐसे नायकों का मंचन आवश्यक है जो समाज को दूषित करने वाली बुराइयों पर से पर्दा उठाए। निश्चित ही ह्यफर्स्ट अप्रैल अपना उद्देश्य हासिल करता हुआ प्रतीत होता है। एक घंटे के इस नाटक में वो सारे तत्व मौजूद हैं जो आपको बहुत सारे सवालों के साथ आत्म-अवलोकन करने का अवसर प्रदान करेंगे।

# स्कूल के पास युवती से लूटा दिन दहाड़े मोबाइल

- CCTV से लिए गए फोटो से आरोपी पहुंचा तिहाड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



विकासपुरी थाना की पुलिस ने सड़क पर स्कूल के पास एक महिला से सरेआम लूटपाट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सोनू के रूप में हुई है, यह चंचल पार्क, नांगलोई का रहने वाला है। पहले से एक दर्जन से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी से विकासपुरी, बिंदापुर, नांगलोई और निहाल विहार इलाके में हुए 14 वारदात का खुलासा भी हुआ है। इसके पास से पुलिस टीम ने छह मोबाइल और तीन टू व्हीलर बरामद किया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि 8 अप्रैल को एक महिला अपने घर जा रही थी। जैसे ही वह के आर मंगलम स्कूल के पास पहुंची, अचानक मोटरसाइकिल सवार एक युवक पहुंचा और उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने फिर मामले की जानकारी पुलिस को दी। छानबीन शुरू की गई और पुलिस ने ऋक्क दर्ज किया। एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ राजवीर सिंह की टीम ने मामले की जांच शुरू की। वारदात वाली जगह पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। वारदात के दौरान सीसीटीवी में कैद फुटेज से निकाले गए फोटो से अपने लोकल सोर्स से पता करना शुरू किया।

उसी में पुलिस को बदमाश के बारे में जानकारी मिल गई। पता चला की वह फीस मार्केट के पास चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आने वाला है। पुलिस टीम ने वहीं पर उसे ट्रेप लगाकर दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से छह मोबाइल बरामद किए गए, तीन चुराए गए थे और तीन फोन छीन गए थे। पुलिस को पता चला कि यह दो महीना पहले फरवरी में जेल से बेल पर बाहर आया था और उसके बाद यह फिर से वारदात को अंजाम देना शुरू किया था।

# दिल्ली में भाई बहन की हत्या से सनसनी

- भाई दो दिन पहले ही यूपी से यहां आया था
- भांजा के जन्मदिन मनाने के लिए बुलाया था
- मृतक महिला का पति फरार, ससुर ने की कॉल
- पूर्वी दिल्ली के शाकरपुर इलाके में हुई वारदात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली के शकरपुर थाना इलाके में आज डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। दिन में करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली की स्कूल ब्लॉक में दूसरी मंजिल पर दो शव पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला की एक महिला और एक युवक मृत हालत में पड़े हुए हैं। जांच में मृतक महिला की पहचान 29 साल की कमलेश और उसके भाई 18 साल के रामप्रताप के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक रामप्रताप दो दिन पहले ही अपने भांजे का जन्मदिन मनाने यहां यूपी से दिल्ली आया था। घटना के बाद महिला कमलेश का पति मौके से फरार था। जिस पर हत्या का शक जताया जा रहा है। कॉल मृतक महिला के ससुर ने पुलिस को किया था। मौके पर आला अधिकारी सहित फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है, जिससे हत्या की गुत्थी को सुलझाया जा सके।

# सुबह सुबह गले में चॉक लगाकर लूटते थे लोगों को




- साउथ दिल्ली के साकेत, नेब सराय में करते वारदात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

साउथ डिस्ट्रिक्ट के एएटीएस की पुलिस टीम ने गले में चॉक लगाकर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटा गया बैग, कैश, पर्स और दो मोबाइल भी बरामद किया गया है। उनकी गिरफ्तारी से संगम विहार, सकेत और नेबसराय थाना के तीन मामलों का खुलासा करने का पुलिस ने दावा किया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार गिरफ्तार किए गए लुटेरों की पहचान शाहिद अख्तर, अभिषेक गौतम और जेम्स के रूप में हुई है। यह तीनों ही रतिया मार्ग, विकास कुंज और संगम विहार के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर उमेश यादव की देखरेख में पुलिस टीम ने इनको टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इनफॉरमेशन की मदद से दबोचने में कामयाब हुई है। जब 15 अप्रैल की सुबह 5:00 बजे एक शख्स के साथ करणी सिंह शूटिंग रोड पर लूट की वारदात अंजाम दिया गया था। पीछे से गले में चॉक लगाकर उसका पर्स, कैश, बैग और मोबाइल लूट लिया गया था। पुलिस टीम लगातार उस मामले में छानबीन करती हुई इन दोनों बदमाशों तक पहुंचने में कामयाब हुई। इसके लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, लोकल इनफॉर्मेशन, जेल से बेल पर रिलीज हुए बदमाशों के रिकॉर्ड की मदद ली और आखिरकार इन्हें पकड़ने में कामयाब हुई।

# होटल मना रहे थे शादी की सालगिरह, दोनों को दबोचा

- समयपुर बदली में हुआ था घर पर हमला, थी तलाश
- क्राइम ब्रांच की टीम ने एक होटल पर मारा था छापा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दंगा और हत्या के प्रयास के मामले में वांटेड दो बदमाशों को क्राइम ब्रांच के इंटर स्टेट सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजवीर उर्फ कैप्टन उर्फ मयंक और तुषार उर्फ टोटा के रूप में हुई है। यह दोनों समयपुर बदली, दिल्ली के रहने वाले हैं। डीसीपी अमित गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि राजवीर दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी है, इसके ऊपर पहले से 9 मामले लूट, आर्म्स एक्ट, स्नैचिंग, धमकी देने, हत्या के प्रयास, चोरी और छेड़छाड़ के चल रहे हैं। जब यह नाबालिक था तो मर्डर के मामले में भी शामिल रहा है। जबकि तुषार स्नैचिंग और चोरी के दो मामलों में शामिल रहा है। यह भी जब नाबालिग था तो मर्डर और हत्या के प्रयास के मामले में शामिल रहा है।

एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सत्येंद्र मोहन और महिपाल की टीम ने इन दोनों को ट्रैक किया। इसी साल 24 जनवरी को हुई समयपुर बदली इलाके में एक मामले में इसकी पुलिस को तलाश थी। जिसमें एक घर पर पत्थर और ईद से हमला किया गया था और जान लेने की कोशिश की गई थी। पीड़ित की शिकायत पर समयपुर बादली में मामला दर्ज किया गया था। लेकिन यह दोनों फरार चल रहे थे।

इनकी गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया था। काफी मशक्कत के बाद उनके बारे में जानकारी मिली और फिर इस जानकारी के आधार पर सुल्तानपुरी बस टर्मिनल के पास इन्हें एक होटल से पकड़ा गया। जब यह दोनों मैरिज एनिवर्सरी सेलिब्रेट करने के लिए दोस्त के साथ होटल पहुंचे थे।

# किडनैपिंग और पॉक्सो मामले में था 10 साल से फरार



- क्राइम ब्रांच ने किया उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

क्राइम ब्रांच की टीम ने एक नाबालिक लड़की को किडनैप करके उसके साथ गलत व्यवहार करने के मामले में 10 साल से फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान शिव शंकर उर्फ सुरेश के रूप में हुई है, यह मूलतः आनंद पर्वत इलाके का रहने वाला है। इसे द्वारका जिला के उत्तम नगर इलाके से इंटर स्टेट सेल की टीम ने पकड़ा है।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि यह वारदात के बाद लगातार अपना ठिकाना बदलकर छुप रहा था। इस पर आरोप है, कि इसने अपने ही एक रिलेशन की नाबालिक लड़की के साथ वारदात को अंजाम दिया था। इसके खिलाफ आनंद पर्वत थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था और तब से यह फरार चल रहा था। एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार, सत्येंद्र मोहन की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके बारे में पता लगाया। फिर इसे उत्तम नगर से पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि इसकी 2009 में शादी हुई थी, लेकिन उसके बाद पत्न ी से डिस्प्यूट हो गया। इसके खिलाफ इसकी पत्नी ने ही फिर निहाल विहार थाना में मामला भी दर्ज किया था।

# कार सवारों ने पैदल वाले से पहले मांगी मदद

- फिर पकड़ा, पीटा और कैश के साथ मोबाइल भी लूटा
- CCTV और GPS लोकेशन की मदद से दोनों को दबोचा
- कार, हथियार, चाकू, मोबाईल, कैश बरामद, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने दिन दहाड़े लूट की अजीबोगरीब वारदात को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कैश और मोबाइल तो बरामद किया ही गया, साथ ही उनके पास से वारदात में इस्तेमाल लग्जरी गाड़ी, हथियार भी जप्त किया गया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान गंगा सिंह और उसके साथी अंशुल सोलंकी के रूप में हुई है। यह दोनों दिल्ली के बिजवासन और कापसहेड़ा के रहने वाले हैं।

इनकी गिरफ्तारी से कापासेड़ा थाना के मामले का खुलासा किया गया है। पुलिस के अनुसार 13 अप्रैल को दोपहर में एक शख्स के साथ उस समय लूट की वारदात हुई थी, जब वह कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए जा रहा था। अचानक एक कार उसके पास में आकर रुक गई। कार सवार ने पीड़ित को बुलाकर मदद मांगी की एक कॉल करना है। उसका मोबाइल चाहिए क्योंकि उसके मोबाइल का बैलेंस खत्म हो गया है। ड्राइवर वाले सीट के बगल में बैठा हुआ शख्स ने एक नंबर दिया डायल करने के लिए। जैसे ही पीड़ित मोबाइल पर नंबर डायल करना शुरू किया। इसी दौरान कार सवार ने उसे धक्का दे दिया और उसका मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर उसकी पिटाई की और मोबाइल के साथ-साथ उसका 6000 कैश भी लूट लिया। उसके बाद वे सभी मौके से फरार हो गए। उस मामले में एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। एसएचओ नवीन कुमार, एसआई अनिल की टीम ने छानबीन शुरू की। जहां पर वारदात हुई थी, वहां आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर गाड़ी सवार जिस तरफ भागे थे, उसके रूट को फॉलो किया गया। नंबर के आधार पर पता चला कि उस कार में जीपीएस लगा हुआ है। इस आधार पर पुलिस छानबीन करती हुई इन दो आरोपियों तक पहुंची। एक के पास से तलाशी में कंट्री मेड पिस्टल, जिंदा कारतूस बरामद किए गए जबकि दूसरे से चाकू मिला। लूटा गया मोबाइल और 2000 भी बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला की गंगा पर पहले से कई मामले चल रहे हैं।

# दिल्ली में इमारत से छलांग लगाकर युवती ने आत्महत्या की

नई दिल्ली। उत्तरपश्चिम दिल्ली में 29 वर्षीय एक युवती ने एक इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, युवती पेइंग गेस्ट (पीजी) में रहती थी। पुलिस ने बताया कि युवती उत्तर प्रदेश के मेरठ की रहने वाली थी और पिछले 10 वर्ष से दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अपराह्न करीब तीन बजकर 20 मिनट पर मुखर्जी नगर इलाके में एक पेइंग गेस्ट आवास की दूसरी मंजिल से एक महिला के कूदने की जानकारी प्राप्त हुई।

उन्होंने बताया कि एक टीम को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम महिला को नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया कि महिला पिछले कुछ महीनों से पीजी में रह रही थी। वह एक यूट्यूबर भी थी। अधिकारी ने बताया, हम मामले की जांच कर रहे हैं और पुलिस पीजी में रहने वाली अन्य छात्राओं के बयान दर्ज कर रही है।

# GK और CR पार्क में सिर्फ चोरी करते पानी का मीटर



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

हाई प्रोफाइल इलाके ग्रेटर कैलाश और चितरंजन पार्क में फ्लैट के घर के बाहर लगे पानी का मीटर चोरी करने वाले दो शातिर चोर को चितरंजन पार्क थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 14 पानी का मीटर भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तपन विश्वास और उसके साथी अंकुश के रूप में हुई है। यह दोनों तुगलकाबाद और संगम विहार के रहने वाले हैं। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से सीआर पार्क और ग्रेटर कैलाश थाना के 10 मामलों का खुलासा किया गया है। यह दोनों लगातार पानी का मीटर चोरी करके लोगों की नींद उड़ा रहे थे। चार दिन पहले 11 अप्रैल को भी इसी तरह की चोरी की एक वारदात हुई थी। जिसकी शिकायत पुलिस में की गई। जब एक फ्लैट के बाहर लगे पानी के मीटर को चोरी कर लिया गया था। एसएचओ योगेश्वर की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरी करने वाले की पहचान की उसके बारे में पता लगाया। फिर इस दोनों मीटर चोरों को दबोचने में कामयाब हुई और इससे पानी के 14 मीटर बरामद किए गए।

# इस्कॉन द्वारका में राम नवमी महोत्सव का भव्य आयोजन




- 10 हजार दीयों से जगमगाया मंदिर का पूरा प्रांगण
- भगवान को लगा 21 हजार भोग, कटा 51 किलो का केक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

द्वारका उपनगरी में स्थित इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से श्रीराम जन्म महोत्सव मनाया गया। यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसकी शुरूआत प्रातःकालीन भागवत सत्र में कथावाचक प्रशांत मुकुंद प्रभु की राम कथा से हुई। मंदिर प्रांगण से लेकर पूरे मंदिर को जहाँ पीले रंग के फूलों और रंगोली से सजाया गया, वहीं राम लला भी पीत रंग के वस्त्रों में दिखाई दे रहे थे। भगवान के साथ-साथ उनके भक्त भी पीले रंग की पोशाक में नजर आए। फूलों के साथ-साथ भक्तों द्वारा शाम में मंदिर की सजावट 10 हजार दीयों से की गई थी। जिससे शाम के समय जगमगाती दीयों की रोशनी दीपोत्सव संध्या में अयोध्यावासियों की याद दिलाया। महोत्सव के आरंभ में विभिन्न फलों के रस से भगवान का दिव्य अभिषेक किया गया। वह चरणामृत के रूप में भक्तों में वितरित हुआ। भगवान के लिए 21 हजार भोग अर्पण किए गए। वहीं 51 किलो का केक भी शाम में काटा गया। नियमित रूप से 16 माला जप करने वाले भक्तों द्वारा भी भोग भगवान को अर्पण किया गया। मिट्टी के बर्तन (कसोरे) में पका हुआ भोग भी भक्त लेकर पहुंचे थे। सेल्फी पॉइंट के आकर्षण में इस बार शबरी, राम और लक्ष्मण के साथ एक झोपड़ी बनाई गई थी। जिसमें लोग बेर खिलाकर उस आनंद की अनुभूति ले रहे थे, जो शबरी को प्राप्त हुई थी। इसके अलावा एक अन्य सेल्फी पॉइंट में लगभग 20 किलो का लौह धनुष भी प्रदर्शित किया गया। जिसे लोग उठाकर अपने शौर्य का प्रदर्शन कर सेल्फी लेते नजर आए। यादगार के रूप में महिलाएँ, गोपी डॉट्स के स्टॉल से गोपी बिंदियों का भी लुत्फ उठाया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा राम भजन संध्या भी महोत्सव के आकर्षण का केंद्र रहा।

# विक्टर रैकेट्स ने नई दिल्ली में अपना पहला ब्रांड शोरूम खोला, जो भारत में विश्व स्तरीय बैडमिंटन उपकरण उपलब्ध करायेगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारत -विश्व की नंबर 2 बैडमिंटन ब्रांड विक्टर रैकेट्स, जिसकी स्थापना 1968 में हुई थी, ने नई दिल्ली, भारत में अपने पहले ब्रांड शोरूम के भव्य उद्घाटन किया। प्रसिद्ध बैडमिंटन ब्रांड भारत में आया ताइवान स्थित कंपनी, विक्टर ने जिसकी जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, थाईलैंड और चीन सहित दुनिया भर में शाखाएँ हैं, बैडमिंटन के उत्साही खिलाडी और लोगों को अच्छी क्वालिटी के उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए भारतीय बाजार में अपना पहला ब्रांड शोरूम लांच किया। इस शोरूम में कपड़े, ग्रिप्स, किट बैग, रैकेट, जूते, शटलकॉक, स्ट्रिंग और प्रोफेशनल बैडमिंटन उपकरण सम्बन्धी बहुत सारी चीजें उपलब्ध हैं। विक्टर के दुनिया भर में 426 शोरूम हैं, वैसा ही शोरूम हमने नई दिल्ली में खोला है, विक्टर इंडिया के जनरल मैनेजर बेन ह्सुंग ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया, यह यहां हमारा पहला आधिकारिक ब्रांड शोरूम है, और यह भारत के लिए हमारी योजनाओं की शुरूआत है। सभी स्तरों और खेल शैलियों के लिए उपकरण विक्टर सभी स्तरों और खेल शैलियों के अनुरूप बैडमिंटन उपकरण प्रदान करता है। चाहे आप एक अनुभवी प्रतियोगी हों या मौज-मस्ती करने वाले खिलाड़ी हों, विक्टर के पास आपके लिए कुछ न कुछ है।

विक्टर में, हम मानते हैं कि बैडमिंटन सिर्फ खिलाड़ियों के प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए नहीं है, यह लोगों के लिए मौज-मस्ती और स्वस्थ रहने का भी जरिया है। शोरूम में, आप पाएंगे कि विक्टर के पास खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए प्रोफेशनल बैडमिंटन उपकरण हैं, और हमारे युवा ग्राहकों के लिए स्पाइडर-मैन रैकेट और क्रेयॉन शिन-चान जूते जैसे कई मजेदार प्रोडक्ट्स भी हैं। भारतीय बैडमिंटन सितारों का समर्थन करना

विक्टर को भारत की महिला और मिक्स डबल्स की बैडमिंटन टूनार्मेंट विजेता अश्विनी पोनप्पा और भारत के स्टार पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी प्रणॉय ऐच ऐस के आधिकारिक प्रायोजक होने पर गर्व है।

अश्विनी पोनप्पा ने उद्घाटन के दौरान कहा, भारत में विक्टर रैकेट्स की आधिकारिक उपस्थिति भारतीय बैडमिंटन की क्षमता में इसके विश्वास का एक बयान है। बैडमिंटन उत्साही लोगों के लिए अपने सपनों को साकार करने के लिए यह शोरूम एक केंद्र बनने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाइयेगा।

प्रणॉय ऐच ऐस ने इस भावना को दोहराते हुए विक्टर के आधिकारिक ब्रांड शोरूम की उपस्थिति को शुरूआती से लेकर अनुभवी खिलाड़ियों तक, भारत में बैडमिंटन उत्साही लोगों के लिए एक केंद्र बताया। विक्टर शोरूम डीएलएफ टावर्स मोती नगर में स्थित है और सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक खुला रहता है।

# शेयर मार्केट लाखों की कमाई का दिया झांसा

- साउथ एक्स की महिला से 43 लाख की चीटिंग
- दिल्ली पुलिस की बेंगलुरु में रेड, मास्टरमाइंड को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्टमेंट करके लाखों कमाने का लोगों को देकर ठगी करने वाले एक मास्टरमाइंड को साउथ डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रमेश के रूप में हुई है, यह कर्नाटक का रहने वाला है। इसके पास से पुलिस ने मोबाइल, लैपटॉप सिम, क्रेडिट - डेबिट कार्ड, चेक बुक बरामद किया है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि चीटिंग की वारदात के बारे में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी, जो साउथ एक्स की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया कि फेसबुक पर उसने एक एडवर्टाइजमेंट देखा जिसमें स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने पर अच्छे रिटर्न का लिखा गया था। जैसे ही उसने एडवर्टाइजमेंट को क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में पहुंच गई। उसके बाद उससे संपर्क किया गया और इन्वेस्टमेंट के रूप में 43 लाख से ज्यादा की चीटिंग की गई।

एसएचओ साइबर अरुण वर्मा की टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से लगातार जांच करती हुई पुलिस टीम को पता चला कि ठगी का अमाउंट अलग-अलग पांच अकाउंट में गया था। जो अलग-अलग राज्यों में खुले हुए थे। उस अकाउंट की डिटेल जब खंगाली गई तो एक अकाउंट बेंगलुरु में रजिस्टर्ड पाया गया। उस अकाउंट में जो मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड था, वह स्विच ऑफ मिला। पुलिस टीम टेक्निकल सर्विलांस की मदद से और पता लगाती रही, आखिरकार बेंगलुरु में पुलिस ने छापा मारकर इस आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया। जब वह वहां से चेन्नई भाग कर रहा था। पूछताछ हुई तो पता चला कि वह चेन्नई के रहने वाले कुछ चीटर के संपर्क में आया था और उन्होंने ही इसे मोटी कमाई का लालच देकर इस गोरख धंधे में शामिल कर लिया था। इसे 20000 के एक रिसीव किए गए अमाउंट पर 15% मिलता था। आगे की छानबीन की जा रही है।

# कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

प्रात: किरण संवाददाता

मिलक ।प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य के निवास पर पहुंचे और उसके बाद मंत्री के साथ मिलक मोहम्मद बख्श बंशीपुर रूपपुर का मजरा पैगंबरपुर ग्राम झूनिया में मंत्री जी के साथ चुनाव प्रचार किया आने वाली 19 तारीख को सांसद घनश्याम सिंह लोधी जी के लिए वोटो की अपील की मोदी जी के जय घोष के साथ अबकी बार 400 पर का नारा लगाया इस मौके पर भाई रजनीश गंगवार रवि गंगवार टेकचंद गंगवार मुकेश पटेल सर्वेश गंगवार संजीव कुमार वर्मा नंदकिशोर गंगवार दुर्गेश गंगवार आदि शामिल रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी 10 साल बाद गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले को 10 साल बाद गिरफ्तार किया। आरोपी शिव शंकर उर्फ सुरेश को सोमवार को उत्तम नगर इलाके से पकड़ा गया। आरोपी पर दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज थे। अदालत ने इसे भगोड़ा भी घोषित किया हुआ था। पुलिस ने बुधवार को मामले से संबंधित जानकारी साझा करते हुए बताया कि आरोपी आनंद पर्वत इलाके का रहने वाला है और पीड़िता का करीबी रिश्तेदार है। वर्ष 2014 में उसने वारदात को अंजाम दिया था और तब से ही वह फरार चल रहा था। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को पता चला कि आरोपी उत्तम नगर में रह रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसको धर दबोचा। सुरेश ने 9वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और आजीविका के लिए सफेदी का काम करता है। वर्ष 2009 में शादी हुई थी और वैवाहिक विवाद के बाद उसकी पत्नी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना निहाल विहार में मामला दर्ज किया गया था। वह मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा पर्यावरण संरक्षण का झांकी



बिहिया। मे निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा यात्रा में शिव तांडव झांकी, श्री राम दरबार झांकी, मसाने की होली वाली झांकी और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की झांकी निकाली गईजिसमें पर्यावरण कार्यकर्ता रमेश कुमार सुदामा ने मुंह पर ऑक्सीजन मास्क और पिठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लिया था और पीछे से दर्जन भर पर्यावरण कार्यकर्ता पौधा और पर्यावरण संरक्षण की लिखी हुई तख्तियां लिए हुए थे जो पूरे रामनवमी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र था। इसमें पर्यावरण कार्यकताओं ने पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का नारा लगाते हुए श्री राम जानकीमंदिर पोखरा से नवोदय चौक होते हुए स्टेशन रोड हनुमान मंदिर ओवर ब्रिज होते हुए राजा बाजार सब्जी मार्केट और डाक बंगला होते हुए पुनः चौक पर समापन हुआ।

### चैता गायन सुर पर देर रात झूमे श्रोता



नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के तराड़ गांव स्थित चैता गायन का हुआ आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ राम जी व्यास ने सुर होखन सहईया ए राम राग छेड़ कर किया। जिस आयोजन में देर रात तक विभिन्न चैता गीत पर श्रोता झूमते रहें। अवसर पर चैता टीम के सभी कलाकारों को फूल माला पहना अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर विजय कुमार, देव कुमार, पवन कुमार, रवि कुमार, ललन सिंह, उपप्रमुख कैलाश पासवान, समाजिक कार्यकर्ता विजय सेठ, अमित कुमार सहित ग्रामीण जनता मौजूद थे।

### नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में राम डिहरा की टीम बनी विजेता

तिलौथू (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के राम डिहरा गांव स्थित खेल ग्राउंड पर नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन। अवसर पर आयोजनकर्ता विशाल कुमार ने विभिन्न टीमों के सभी खिलाड़ियों से मिलते हुए टूनार्मेंट का फीता काट शुभारंभ किया। जिसका फाइनल मुकाबला कृपा गांव बनाम राम डिहरा के बीच खेला गया। जिस मुकाबले में राम डिहरा की टीम टूनार्मेंट विजेता बनी। अवसर पर मुख्य अतिथि आशुतोष सिंह व विशाल कुमार ने विजेता टीम को ट्रॉफी देते हुए सभी खिलाड़ियों को मेडल पहना सम्मानित किया। साथ ही उपविजेता टीम के भी सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया विनोद चंद्रवंशी, परशुराम सिंह, भूतपूर्व सब इंस्पेक्टर रणजीत सिंह, संजय रविदास, अमित पाठक, बीडीसी राकेश रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

### रामनवमी के अवसर पर दुर्गावती में श्री राम की झांकी के साथ निकली शोभा यात्रा

दुर्गावती। प्रखंड के दुर्गावती बाजार में बुधवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में राम भक्तो ने हिस्सा लिया। डीजे पर प्रतिबंध होने के कारण ढोल नगाड़े के साथ यह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दुर्गावती बाजार से निकलकर दरौली, सारंगपुर, दुर्गावती स्टेशन, दहियाव, सावठ गेट होते हुए दुर्गावती बाजार में आकर संपन्न हुई। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋचा मिश्रा, अंचलाधिकारी दुर्गावती सदानंद कुमार एवं थाना अध्यक्ष दुर्गावती राजीव रंजन सिंह पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में तैनात रहे।

### कूड़ा कचरा में लगी आग अग्निशमन विभाग की गाड़ी पाया आग पर काबू

अरवल। कूड़ा- कचरा में लगी आग अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने आग पर पाया काबू मिली जानकारी के अनुसार जिले के मेहंदिया बाजार स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 139 किनारे ढेर सारे कूड़ा कचरा फेंका हुआ था जहां सामाजिक तत्वों के लोगों ने उस कूड़ा कचरा में आग लगा दी पछुआ हवा के कारण आग कि लेपटा इतना तेज थी कि आग पर काबू नहीं पाया जा रहा थो हालंकि स्थानीय लोग अपने स्तर से आग बुझाने का भरपूर कोशिश कर रहे थे, आगलगी कि सूचना स्थानीय लोगों ने अग्निशामक विभाग को दी सूचना के उपरांत अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया यदि समय पर अग्निशमन गाड़ी नहीं पहुंचती तो ट्रांसफार्मर के अलावे गेहूं के खेत में भी आग लग सकता था, लोगों को काफी नुकसान भी पहुंच सकता थो लेकिन मेहंदिया थाने में स्थापित अग्निशामक विभाग की गाड़ी सही समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, और बड़ीं आगलगी होने से बचा लिया।

# आरा में भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली गई, आकर्षण का केंद्र बना झांकी

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। श्री रामनवमी शोभायात्रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी रथ पर सवार थे। राम की आरती के पक्षात यह भव्य शोभायात्रा रामगढ़िया से 12बजे। यह भव्य शोभायात्रा रामगड़िया से शुरू होकर बड़ी चौक, गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, बड़ी मठिया, महादेवा रोड, धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, रमना रोड, महावीर टोला, करमन टोला, नवादा, स्टेशन रोड, एसपी कोठी रोड, ब्लॉक रोड, कतिरा रोड, पकड़ी चोक, जज फोठी रोड़ होते हुए रमणा मैदान में जाकर एक विशाल सभा में तब्दील हो गई रामनवमी शोभायात्रा यात्रा में शिव तांडव झांकी, श्री राम दरबार झांकी, मसाने की होली वाली झांकी और श्री राम नवमी शोभा यात्रा का श्री राम रथ रामगढ़िया में पूजा एवं महा आरती किया गया फिर उसके बाद रथ को आगे की ओर बढ़ाया गया सभी राम भक्तों को भागवत झंडा तलवार जय श्री राम के नारा लगाते हुए झूमते गाते हुए राम भक्तों को देखा गया शोभा यात्रा में नगर विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह अपने समर्थन के साथ जय श्री राम का नारा लगातेहुए केंद्रीय मंत्री सह सांसद आरके सिंह भी अपने समर्थ को के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए राम भक्तों के लिए जगह-जगह पानी मिठाई हलवा शरबत एवं प्रसाद का वितरण विभिन्न संस्थाओं के द्वारा लगाया गया इस शोभा यात्रा में शंभू प्रसाद चौरसिया सोनालाल इंद्रभान सिंह संजू कुमार मनीष कुमार चंदन कुमार विशाल सिंह हजारों राम भक्तों ने इस शोभा यात्रा में शामिल हुए वहीं जिला प्रशासन की तरफ से मजिस्ट्रेट पुलिस पदाधिकारी जिला पुलिस बल महिला पुलिस बल जगह-जगह लगाया गया था यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु भी अपने दल बल के साथ हर पोस्ट पर अपने पदाधिकारी को समझाते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी एएसपी नवादा थाना अध्यक्ष नगर थाना अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शोभायात्रा निगरानी बना हुए थे।

# जय श्रीराम जयघोष के साथ निकला भगवान राम का भव्य शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता





बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के शहरी व गांवों में बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में अनुमंडल प्रशासन की देख रेख में श्रीराम शोभायात्रा संपन्न हुई। रामनवमी पर्व के मौके पर एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम एवं जय माता दी के उद्घोष से पूरा शहर गूंज उठा। शहर के पूजा समिति के तत्वावधान में लगभग 3 बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ तेंदुनी चौक काली मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे शहर में भ्रमण किया। जिस यात्रा में हजारों की संख्या में भगवाधारी महिला, पुरुष व बच्चे उत्साहित होकर गाजे-बाजे के साथ भगवा श्री राम का झंडा लिए राम भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष लगा रहे थे। साथ ही रथ पर सवार भगवान श्री राम, माता सीता व लक्ष्मण जी सहित पवन पुत्र हनुमान जी महाराज की भव्य झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में दर्जनों घुड़सवार भक्तों ने भी कला का कर्तव्य दिखाया। वहीं जगह-जगह पर लोगों के द्वारा शर्बत, पेयजल का व्यवस्था किया गया था। शोभायात्रा के दौरान हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए अनुमंडल प्रशासन की ओर से ड्रोन कैमरा से भी नजर रखी गई । प्रत्येक चौक-चौराहे पर तैनात मुस्तैदी से सभी पुलिस बल को लगाया गया था ।

**सुरक्षा व्यवस्था में चौकस दिखा प्रशासन :** शोभायात्रा के दौरान अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था चौकस दिखा। वही चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी ,पुलिस अफसर एवं जवान ड्यूटी में मुस्तैद देखे गए। यात्रा शुरू होने से पूर्व एसडीएम अनिल बसाक और एसडीपीओ कुमार संजय ने स्वयं रुट में घूमकर विधि-व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही साथ सभी जगहों पर पुलिस बल मुस्तैद दिखी।

**दूसरी तरफ शोभायात्रा देखने के लिए:** सड़कों पर राम भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। जिसे देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी इलाकों से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

## दो गोला चैता मुकाबला में रोहतास-बक्सर के बीच हुआ सुर संग्राम



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड के नोनहर गांव के मां काली मंदिर प्रांगण में मंगलवार की शाम दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। आजाद कला मंदिर नोनहर के तत्वावधान में संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर मंगलवार की शाम दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह, राजद प्रदेश महासचिव श्रीनिवास सिंह, रामचन्द्र नट, नंदजी सिंह, पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह, मुखिया मनोज राम, पूर्व मुखिया जवाहर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अवसर पर आयोजक मंडल ने सभी कलाकारों और अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता बक्सर और रोहतास के टीम के बीच हुआ। बक्सर टीम की ओर से व्यास के रूप में अंसारी गांव अमरेश भारती थे। जबकि रोहतास टीम की ओर से दिनारा प्रखंड के गौरा निवासी व्यास नारद मुनि पासवान थे। मुकाबला में दोनों व्यासों ने एक से बढ़कर एक चैता गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरबिंद पासवान, मुन्ना पासी, डब्लू पासवान, हिरदया पासवान, प्रेमचंद पासवान, सुरेन्द्र पासवान, अनिल पासवान सहित कमिटी अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह कर्मयोगी ने किया। मौके पर मंटू राय, सुशील भारती, उमेश कुमार सिंह, जितेन्द्र पासवान, रामाधार पासवान, सुरेश पासवान, रासबिहारी पासवान, मुन्ना पासवान, राहुल सिंह, उमाशंकर साह, जयप्रकाश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामडिहरा तिलौथू में किया गया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट



प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम। नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट रामडिहरा तिलौथू में किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आशुतोष सिंह यंग स्टार समिति रामडिहरा तिलोथु के द्वारा नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया, मुख्य आयेजन कर्ता थे बिशाल कुमार, बड़े धुम धाम से नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया विशाल कुमार के नेतृत्व में आज रात्रि में किया गया, जिस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, आशुतोष सिंह शाखा अध्यक्ष जिला व्यवहार न्यायालय सासाराम, बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति, इस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन संयुक्त ग्रुप से आशुतोष सिंह शाखा अध्यक्ष जिला व्यवहार न्यायालय सासाराम, बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति एवं रामडिहरा पंचायत के मुखिया विनोद चंद्रवंशी ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे परशुराम सिंह भूतपूर्व सब इंस्पेक्टर, रणजीत सिंह, संजय रविदास, अमित पाठक बीडिसी, राकेश रंजन उप सरपंच, पांच रंजू देवी, राजेश राम, रविंद्र शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, बसंत सिंह, मन्टु सिंह भिशरा, मुकेस कुमार, रवि राज लोग सामिल इस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का इनपायर सनी कुमार और सांसद कुमार थे, और विजेता हुये कृपा गांव के और उपविजेता बने रामडिहरा गांव के, उन दोनो को सिलद कब रुपए देकर सम्मानित किया गया।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ पूजन को लेकर निकली जलभरी शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोथा के आदर्श ग्राम रघुनाथपुर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत भव्य जलभरी शोभायात्रा से हुई। जिस शोभायात्रा में हजारों-हजार की संख्या में

महिला, पुरूष, युवक, बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जहां श्रद्धालुओं ने जय श्रीमन्नारायण के जयकारे लगाते नजर आए। उ उस वक्त का माहौल चहुंओर भक्तिमय दिखाई दिया। वही श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भारत के महान संत श्री त्रिदंडी स्वामी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज के निर्देशन में निकाली गई। जो रघुनाथपुर यज्ञ मंडप से शुरू होकर मुख्य पथ के रास्ते बिरैनी गांव होते हुए जयश्री सूर्य मंदिर नहर तक पहुंची। जहां शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में पधारे विद्वतजनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के उपरांत कलश में जल भरा। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट के साथ गाजे-बाजे से अद्भुत नजारा देखने को मिला। रघुनाथपुर गांव यज्ञ मंडप से निकली जलयात्रा सह शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विभिन्न जगहों पर स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

मौके पर प्रेमानन्द महाराज उपाध्याय, यज्ञ समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष मोथा पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, रजिंद्र पांडेय ,सुशील पांडेय, पिंटू सिंह ,शत्रुंजय सिंह ,भोला पांडेय ,अजय पांडेय ,पूर्व सरपंच भरथ राम, दिनेश सिंह ,विजय साह ,रामनारायण पांडेय, अरविंद पांडेय, रामाकांत पांडेय, दीपक पांडेय, हरेराम सिंह, भाजपा नेता अखिलेश्वर पांडेय, नंदे सिंह, सुनील पांडेय ,शेष नाथ पाण्डेय, रंजय तिवारी सहित सैकड़ों लोग शोभायात्रा में भाग लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर का मनाया गया जयन्ति समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। चंद्रशेखर विचार मंच के संयोजक प्रो विजय सिंह मुखिया के अध्यक्षता में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी का जयन्ति समारोह कश्यप नगर चंदवा में मनाया गया।समारोह के संचालन जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरियाने किया।समारोह के उद्घटान प्रो कुंदन सिंह भाजपा ननेता और समाजसेवी डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रववंशी ने संयुक्त रूप से उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया।अपने उद्घाटन भाषण में प्रो कुंदन सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर जी समाजवाद के प्रखर प्रहरी और आजादी के अग्रदूत थे।उन्होंने समाजवाद के लिए सदन और सड़क पर आजीवन आंदोलन किए थे।डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रववंशी ने अपने सम्बोधन में कहा1चंद्रशेखर जी भारत के8वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया था उन्होंने बाहरी समर्थन से जनतादल के अल्पमत सरकार के नेतृत्व किया था।वे1984से1989को छोड़कर1962से आजीवन संसद में रहे वे1989में बलिया और महारजगंज से लोकसभा के चुनाव जीते थे।अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो विजय सिंह मुखिया ने कहा कि चंद्रशेखर जी चंद्रशेखर जी1977से1988तक जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे।छात्र जीवन से ही वे राजनीत की ओर आकर्षित हो गए थे वेक्रांतिकारी जोश1और स्वभाव से आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे।वे इल्लाहबद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान से मास्टर डिग्री करने के बाद समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए थे वे युवा तुर्क नेता के रूप में जाने जाते थे।समारोह को सम्बोधित करने वाले लोगो मे सुदर्शन यादव मुंजी सिंह सन्तु सिंह रामजी सिंह रामलयक सिंह विश्वनाथ सिंह गजेंद्र सिंह धर्मदेव सिंह कामेश्वर सिंह कामेंद्र सिंह ओमप्रकाश यादव नन्दकुमार सिंह विजय पासवान विनोद पासवान जितेंद यादव कन्हैया व्यास ने चन्द्रशेषर जी के जीवनी पर अपनी प्रस्तुति पेश की।

## रामनवमी शोभायात्रा में हजारों भक्त हुए राममय

प्रात: किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा नावानगर में कमिटी सदस्यों द्वारा रामनवमी का झंडा जुलूस सह भगवान श्री राम का शोभायात्रा निकाला गया। जहां रामनवमी शोभायात्रा युवा समाजिक कार्यकर्ता के बैनर तले धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में निकाला गया। वही नावानगर में नवयुवक रामनवमी समिति के बैनर तले गुडडू सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। सोनवर्षा में युवा व्यापार मंडल, महाबीर मंदिर पूजा समिति, बस स्टैंड पूजा समिति सोनवर्षा समेत सभी चारों पूजा समितियों के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से शोभा यात्रा निकाला गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से होकर छठिया घाट होते हुए काली मंदिर किया गया। मंदिर से थाना रोड होते हुए वापस हनुमान मंदिर तक आ कर समाप्त हो गया। शोभायात्रा के दौरान सोनवर्षा बीडीसी अजय गुप्ता द्वारा कई लोगों को सम्मनित किया गया। साथ ही शोभायात्रा में शामिल सभी लोगो को ठंडा जल मुहैया कराया गया शोभा यात्रा में गणेश कुमार सिंह, रबी पाण्डेय, चंदन शर्मा, बिक्की साह, दीपक सिंह, निक्की कुमार, संदीप साह समेत कई लोग शामिल रहे वही नावानगर में शोभा यात्रा ठाकुरबाड़ी से प्रस्थान कर डुमरांव बिक्रमगंज पथ होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते ब्रह्म स्थान के पास पहुंच वापस ठाकुरबाड़ी पर संपन्न हुआ।

इस दौरान श्रद्धालुओं को दिलीप कुमार गुप्ता और शत्रुघ्न कुमार के नेतृत्व में लोगो को प्रसाद में खीर वितरण किया गया। जहां श्री रामनवमी जुलूस समिति द्वारा निकले जुलूस में भारत प्लस एथेनॉल कंपनी लिमिटेड के सीएमडी अजय कुमार सिंह, एमवीआई विनोद कुमार सिंह, मृत्युंजय सिंह, गुडडू सिंह, प्रिंस गुप्ता, गोलू मिश्रा, सहित सभी समिति के सदस्य मुस्तैद रहे। कार्यक्रम में विधि व्यवस्था के लिए पूरे इस जुलूस में बीडीओ मनोज कुमार तथा थानाध्यक्ष नंदू कुमार सहित सोनवर्षा पुलिस मुस्तैद रही।

## भुली भटकी मासूम बच्ची को डायल 112 की टीम ने परिजन को सौपा



अरवल। भूली भटकी एक छोटी सी मासूम बच्ची को डायल 112 के टीम ने घर पहुंचाया` जानकारी के मुताबिक जिले के मेहंदिया बाजार में एक छोटी सी मासूम बच्ची भटक रही थी जिससे स्थानीय लोगों ने 112 टीम को सूचना दिया सूचना के उपरांत मौके पर पहुंच कर मासूम बच्ची को अपने साथ घर लेकर गई परिजनों को सौंप दिया,6 वर्षीय मासूम बच्ची की पहचान मसूदा निवासी धनंजय कुमार की पुत्री सलोनी कुमारी के रूप में की गईं मेहंदिया थाने में स्थापित डायल 112 की टीम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है इमरजेंसी सेवा के अलावे विभिन्न कार्यों में तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

# रामनवमी पर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड मे रामनवमी के अवसर पर क्षाकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

रामनवमी शोभा यात्रा के तत्वाधान में श्री रामलीला समिति रामगढ़ रामलीला मैदान से भव्य झांकी निकल कर रामगढ़ गांव होते हुए मुसहर बस्ती होते हुए देवहलिया रोड में महावीर जी के मंदिर के समीप सहित पूरे नगर भ्रमण करते हुए रथ सहित गाड़ियों पर शानदार झांकी दिखाते हुए पूनः रामलीला मैदान में समापन हुआ। जगह जगह शानदार झांकी का प्रदर्शन हुआ। जगह-जगह लोगों ने स्टाल लगाकर जलपान का व्यवस्था किए थे। साथ ही जगह-जगह लोगों ने पूरे गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। श्री रामानवी शोभा यात्रा द्वारा सुबह में रामगढ़ पेट्रोल टंकी बिस्कोमान भवन से लेकर नगर पंचायत होते हुए महुअर मां छेरावारी धाम तक जुलूस यात्रा निकाला गया झांकी के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन भी काफी मुस्तैदी के साथ दिखी जहां थानाध्यक्ष उमेश कुमार दलबल के साथ एवं अंचलाधिकारी सुश्री रश्मि पुरे रथ यात्रा के दौरान मौजूद रही मौके पर राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह, गुडाकेश तिवारी, अजय गुप्ता शांति प्रकाश गौरव, पवन गुप्ता, मिथलेश राय, गौतम खरवार ओमप्रकाश सिंह, सुनील सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा राम भक्तों को सेवा शिविर का किया गया आयोजन



गया।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा आज रामनवमी पर्व पर केदारनाथ मार्केट के पास रामनवमी जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया है ,जिसमें चना, गुड़, शरबत, फल, पेयजल उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर हम सभी भगवान श्री राम जी से सभी देशवासियों के कल्याण, समृद्धि और खुशहाली का कामना करते हैं। प्रभु श्री राम सभी देशवासियों के अराध्य है। और हर भारतीय को इन पर गर्व है, ओर हर भारतीय को इनके द्वारा बताएं गयें मार्ग से ही राम राज्य की पुनः स्थापना होगी।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई, राजु भईया, गोपाल यादव, राकेश कुमार कोला, हिरा यादव, श्रवण कुमार, रवि प्रसाद, अजीत कुमार, सुजित कुमार, मंटू रजक, महेश यादव, अभिषेक कुमार, बबलू गुप्ता, मुन्ना यादव, विक्की वर्णवाल, महिला प्रमुख सारिका वर्मा, इंदु प्रजापती ने सेवा शिविर में सेवा कार्य किया हू।प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं राणा रंजीत सिंह द्वारा सेव में लगे लोगों को सम्मानित किया गया है।

## प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी ने प्रधानमंत्री का किया अभिनंदन



गया।ज्ञान मोक्ष की नगरी गया जी के पावन धरती पर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती के द्वारा हाथ जोड़कर अभिवादन किया इस अवसर पर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के द्वारा गया जी के ऐतिहासिक रैली का सफलता पर बधाई एवं शुभकामना दी अशोक प्रसाद भारतीय ने कहा मोदी है तो मुमकिन है अबकी बार 400 पार कर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ लेंगे।

## चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़



बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जिस दिन भक्तों ने देवी मंदिरों में पूजन-हवन के उपरांत कन्याओं को भोज कराया। अंतिम दिन शहर के धनगाई, सासाराम रोड, तेंदुनी काली मंदिर धारूपुर मां काली सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने मां की पूजन-अर्चन की। वहीं दिनारा प्रखंड के मां यक्षिणी भवानी के दरबार मे भी मां के भक्तों की काफी भीड़ देखी गई । मेला में लगी दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही । उक्त अवसर पर भी अनेक श्रद्धालुओं ने कन्याभोज के साथ भंडारा भी कराया।

## विरुपाक्ष विक्रम सिंह के यूपीएससी में 49 वां रैंक हासिल करने पर पृथ्वीराज ट्रस्ट ने दी बधाई

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने जम्होर निवासी विरुपाक्ष विक्रम सिंह के संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा में 49वां रैंक हासिल करने पर बधाई दी है।ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर सिंह एवं डॉ संजीव रंजन, संयोजक जगदीश सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, चंद्र प्रकाश विकास, गोरखनाथ सिंह शैलेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, चंदन सिंह चौहान, जयंत प्रकाश, भीम सिंह, डा रित्विक सहित अन्य सदस्यों ने अपने बधाई संदेश में कहा कि उनके इस उपलब्धि से पूरा औरंगाबाद जिला गौरवान्वित हुआ है।

## श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में रामनवमी की प्रस्तुत की गई झांकी




गया।श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर कोलकाता से आये रामलीला के कलाकारों द्वारा गया नगर के गोल पत्थर स्थित एक मंच बनाकर झांकी का प्रदर्शन किया गया है। इस झांकी में मुख्य रुप से राम-दरबार, राधा-कृष्ण तथा मां काली के आदर्शों की प्रस्तुति की गई। जिससे लोगों को अपने जीवन में फलीभूत हो, सदा सत्य के मार्ग पर चलने तथा परोपकार की भावना सभी को रखने का संदेश दिया गया है। पिछले 5 वर्षों से श्री आदर्श लीला समिति रामनवमी के दिन इस झांकी का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा इस समिति का 1969 में गठन किया गया था। उस समय से लगातार दशहरा के मौके पर 9 दिनों तक वाराणसी, इलाहाबाद तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा शहर के आजाद पार्क स्थित मंच पर रामलीला की प्रस्तुति की जाती है, जो नगर में आकर्षण का केंद्र बना रहता है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि दशहरा के दिन हर क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी समिति के द्वारा सम्मानित किया जाता है। सिन्हा ने आगे बताया कि पिछले पांच वर्षों से रामनवमी के मौके पर भी झांकी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे गया नगर पूरी तरह से भक्तिमय हो जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के महासचिव नवीन गुप्ता, बीरेंद्र राय, प्रह्लाद गुप्ता, रोहित कुमार, राज वैद्य, अनिल बरणवाल, ज्ञान कुमार प्रमुख रहे जबकि इस कार्यक्रम में नगर के मानिन्द लोगों ने भी अपनी भूमिका यथा संभव निभाया है।

